**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT**
**RAJYA SABHA**
**STARRED QUESTION NO. 81**
**TO BE ANSWERED ON 09.02.2023**

## WEIGHTAGE PERCENTAGE OF ITEMS UNDER AICPIN

**81. SHRI JAVED ALI KHAN:**

**Will the Minister of Labour and Employment be pleased to state:**

**(a) the details of items included under All India Consumer Price Index (AICPIN) for Government employees along with their respective weightage percentage during January to June, 2021, July to December, 2021 and January to June, 2022, month-wise and item-wise;**
**(b) the details of items included under AICPIN for Government employees along with their respective weightage percentage during January to June 2015, July to December, 2015, January to June, 2016, and July to December, 2016, month-wise and item-wise; and**
**(c) the details of same during January to June 2011, July to December, 2011, January to June, 2012 and July to December, 2013, item-wise, month-wise?**

**ANSWER**

**MINISTER OF LABOUR AND EMPLOYMENT**
**(SHRI BHUPENDER YADAV)**

**(a) to (c): A statement is laid on the Table of the House.**

*** ********

**STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO PARTS (a) To (c) OF RAJYA SABHA STARRED QUESTION NO. 81 RAISED BY SHRI JAVED ALI KHAN DUE FOR REPLY ON 09.02.2023 REGARDING 'WEIGHTAGE PERCENTAGE OF ITEMS UNDER AICPIN'**

**(a) to (c): The Consumer Price Index Numbers for Industrial Workers (CPI-IW) are used for regulation of dearness allowance and Wages of workers and employees belonging to Central Government, State Governments, Public Sector. The base year of the CPI-IW was updated from 2001=100 to 2016=100 in September, 2020. CPI-IW with base year 2001=100 and base year 2016=100 have 392 and 465 items respectively. The existing series of CPI-IW has base year 2016=100. These items are in six groups and weights as under:-**

| Sl. No. | Groups | CPI-IW Base year 2016=100 (Weight %) | CPI-IW Base year 2001=100 (Weight %) |
|---|---|---|---|
| 1 | Food & Beverages | 39.20 | 46.20 |
| 2 | Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants | 1.80 | 2.27 |
| 3 | Clothing & Footwear | 5.95 | 6.57 |
| 4 | Housing | 17.75 | 15.27 |
| 5 | Fuel & Light | 5.49 | 6.43 |
| 6 | Miscellaneous | 29.81 | 23.26 |
| | Total | 100.00 | 100.00 |

*****

**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 81**

**गुरूवार, 09 फरवरी, 2023/ 20 माघ, 1944 (शक)**

**एआईसीपीआईएन के अंतर्गत वस्तुओं के महत्व की प्रतिशतता**

***81. श्री जावेद अली खान:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी से जून, 2021, जुलाई से दिसम्बर, 2021 और जनवरी से जून, 2022 के दौरान सरकारी कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआईएन) के अंतर्गत शामिल मदों और उनके महत्व की प्रतिशतता का माह-वार और मद-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) जनवरी से जून, 2015, जुलाई से दिसम्बर, 2015, जनवरी से जून, 2016 और जुलाई से दिसम्बर, 2016 के दौरान सरकारी कर्मचारियों के लिए एआईसीपीआईएन के अंतर्गत शामिल मदों और उनके महत्व की प्रतिशतता का माह-वार और मद-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) जनवरी से जून, 2011, जुलाई से दिसम्बर, 2011, जनवरी से जून, 2012 और जुलाई से दिसम्बर, 2013 के दौरान तत्संबंधी मद-वार, माह-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार मंत्री**
**(श्री भूपेन्द्र यादव)**

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*

*****

**'एआईसीपीआईएन के अंतर्गत वस्तुओं के महत्व की प्रतिशतता' के संबंध में श्री जावेद अली खान द्वारा दिनांक 09.02.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 81 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (ग): औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) का उपयोग केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के कामगारों और कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और मजदूरी के विनियमन के लिए किया जाता है। सीपीआई-आईडब्ल्यू का आधार वर्ष सितंबर, 2020 में 2001=100 से 2016=100 तक अद्यतन किया गया था। आधार वर्ष 2001=100 और आधार वर्ष 2016=100 के साथ सीपीआई-आईडब्ल्यू में क्रमशः 392 और 465 मदें हैं। सीपीआई-आईडब्ल्यू की मौजूदा श्रृंखला का आधार वर्ष 2016=100 है। ये मदें निम्नानुसार छह समूहों और महत्व में हैं:-

| **क्र.सं.** | **समूह** | **सीपीआई-आईडब्ल्यू आधार वर्ष 2016=100 (महत्व %)** | **सीपीआई-आईडब्ल्यू आधार वर्ष 2001=100 (महत्व %)** |
|---|---|---|---|
| 1 | खाद्य और पेय पदार्थ | 39.20 | 46.20 |
| 2 | पान, सुपारी, तम्बाकू और नशीला पदार्थ | 1.80 | 2.27 |
| 3 | कपड़े और जूते | 5.95 | 6.57 |
| 4 | आवास | 17.75 | 15.27 |
| 5 | ईंधन और प्रकाश | 5.49 | 6.43 |
| 6 | विविध | 29.81 | 23.26 |
| | **कुल** | **100.00** | **100.00** |

*****

**श्री जावेद अली खान** : माननीय सभापति जी, आप भी मेरे प्रश्न का भाग (क) देखिए।

†**جناب جاوید علی خان:** مانئے سبھاپتی جی، آپ بھی میرے سوال کا بھاگ (اے) دیکھئیے۔

**श्री सभापति** : आप प्रश्न पूछिए।

**श्री जावेद अली खान** : पूछूंगा तो तब, जब वे जवाब देंगे। भाग (क) के जवाब में एक शब्द भी नहीं लिखा गया है।

†**جناب جاوید علی خان:** مانئے سبھاپتی جی پوچھونگا تو تب، جب وہ جواب دیں گے۔ بھاگ (اے) کے جواب میں ایک شبد بھی نہیں لکھا گیا ہے۔

**श्री सभापति :** ऑनरेबल मिनिस्टर।

**श्री जावेद अली खान** : सर, मेरा सवाल तो सुन लीजिए। बहरहाल, वे बाद में मुझे बता देंगे या दोबारा पटल पर रख देंगे।

†**جناب جاوید علی خان:** سر، میرا سوال تو سُن لیجیئے۔ بہرحال، وہ بعد میں مجھے بتادیں گے یا دوبارہ پٹل پر رکھ دیں گے۔

**श्री सभापति** : पटल पर रखा था, अब बताएंगे।

**श्री भूपेन्द्र यादव** : माननीय सभापति महोदय, हमारे जो माननीय सदस्य हैं, उनका स्पेसिफिक प्रश्न था कि ऑल इंडिया कन्ज़्यूमर प्राइस इंडेक्स जो सरकार तय करती है, उसमें वेटेज के मानक क्या हैं? मैं उनको यह बताना चाहूंगा कि इसके जो मानक हैं, 1941 से प्रक्रिया शुरू हुई है और श्रम मंत्रालय के द्वारा 2016 के इंडेक्स को बनाया गया है। हमने 2016 का जो इंडेक्स बनाया, उसमें मानकों में वृद्धि की है। उसमें यूनियन और स्टेट की जो संख्या थी, उसको 25 से बढ़ाकर 28 किया है। सेंटर्स का कवरेज जो 78 था, उसको बढ़ाकर 88 किया गया है। इसके अतिरिक्त उसके कवरेज के जो क्षेत्र थे, उनको भी हमने इन्क्रीज़ किया है। इसके साथ ही साथ सेम्पल साइज़ को भी बढ़ाया है। ये जो मानक इकट्ठे किए जाते हैं, ये मानक औद्योगिक जगत के जो सात क्षेत्र हैं, उन विभिन्न क्षेत्रों से किए जाते हैं। उसमें पहले 392 कमोडिटीज़ थीं, अब उनको बढ़ाकर 465 किया गया है और उसके द्वारा ही इस वेज का निर्धारण होता है।

---

† Transliteration in Urdu script.

MR. CHAIRMAN: Please ask your second supplementary.

**श्री जावेद अली खान :** सभापति महोदय, अगर आप मेरे प्रश्न से और उत्तर से संतुष्ट हैं, तो फिर मजबूरी में मुझे भी संतुष्ट होना पड़ेगा, क्योंकि आपका आदेश तो सिर माथे है।

सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि वित्त मंत्रालय के अनुसार मई, 2022 में, जो थोक मूल्य सूचाकांक डब्ल्यूपीआई महंगाई का था, वह पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक था, लेकिन जो हमारा लेबर ब्यूरो है, उसके अनुसार महंगाई भत्ता 3 से 4 प्रतिशत तक ही बढ़ रहा है। क्या माननीय मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि आइटम्स का वेटेज परसेंटेज तय करने में क्या हर बार उसे कुछ घटाया-बढ़ाया जाता है, ताकि महंगाई भत्ता कम देना पड़े?

†**جناب جاوید علی خان:** مانئے سبھاپتی جی، اگر آپ میرے سوال سے اور جواب سے مطمئن ہیں، تو پھر مجبوری میں مجھے بھی مطمئن ہونا پڑے گا، کیوں کہ آپ کا آدیش تو سر ماتھے ہے۔ سبھاپتی مہودے، میں مانیئے منتری جی سے یہ جاننا چاہتا ہوں کہ وزارت مالیات کے مطابق مئی، 2022 میں جو تھوک قیمت سوچاکانک ڈبلیو پی آئی مہنگائی کا تھا، وہ پچھلے 30 سالوں میں سب سے زیادہ تھا، لیکن جو ہمارا لیبر بیورو ہے، اس کے مطابق مہنگائی بھتہ 3 سے 4 فیصد تک ہی بڑھ رہا ہے۔ کیا مانیئے منتری جی یہ بتانے کا کشٹھ کریں گے کہ آئٹمس کا ویٹیج فیصد طے کرنے میں کیا ہر بار اسے کچھ گھٹایا جاتا ہے، تاکہ مہنگائی بھتہ کم دینا پڑے؟

**श्री भूपेन्द्र यादव :** सर, मुझे लगता है कि सरकार बहुत पारदर्शिता के साथ कार्य करती है और हमने उस पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए मानकों के स्थान, सैम्पल का साइज़ और सारी संख्याओं को बढ़ाया है, जो मेरे पूर्व उत्तर में दिया गया है। ये मानक 1941 से लगातार किये जा रहे हैं। उस पारदर्शी प्रक्रिया को हम पूरी तरह से सबके सामने रखते हैं। अगर माननीय सदस्य को कोई और आशंका है, तो कभी भी वे व्यक्तिगत रूप से आकर मुझसे पूछ सकते हैं।

SHRI M. SHANMUGAM: Sir, regarding the all-India consumer price index, it was started in 1936. Subsequently, in 1960, it was revised by a Committee. Then, in 1980 also it was revised by a Committee, by Dr. Seal and Rath. It is a long 40 years and no committee has been formed to revise this index. I request the hon. Minister to revise this index. This is the right time to form that committee and have it revised.

**श्री भूपेन्द्र यादव :** माननीय सभापति जी, यह माननीय सदस्य का सुझाव है और लेबर ब्यूरो के द्वारा इस पर विचार किया जा रहा है।

---

† Transliteration in Urdu script.

MR. CHAIRMAN: Q. No. 82 by Shir K.R. Suresh Reddy; the hon. Member is absent. Any Supplementary?

* 82. *[The questioner was absent.]*